तापमान
अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 6.2 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 दिसंबर 2023

11 तीन सड़क विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ

12 995 विद्यार्थियों को डिग्री डिप्लोमा से नवाजा गया


## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने आईटीआई फिटर अनुदेशक की हत्या मामले में दूसरे आरोपित रतेरा निवासी अभिषेक उर्फ फटुरी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक दयानंद ने बताया कि आरोपित अभिषेक उर्फ फटूरी ने मामले में मुख्य आरोपी ढाणी माहू निवासी सिद्धांत को अपने घर में पनाह दी थी। मामले के मुख्य आरोपी सिद्धांत को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अभिषेक ऊर्फ फटुरी को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है।

### दो लोडेड अवैध पिस्तौल सहित दो गिरफ्तार

**हिसार।** अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने टी प्वाइंट सेक्टर 1-4 से एक युवक को लोडेड अवैध पिस्तौल सहित काबू किया है। एएसआई धर्मवीर ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सूर्यनगर को तरफ से आ रहे दो लड़कों को रोककर पूछताछ की तो एक लड़के में अपना नाम खानक निवासी मगंल और दूसरे ने पिंजोखरा निवासी सोनू बताया। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 32 बोर के दो लोडेड अवैध पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। जांच में सामने आया कि आरोपित अवैध पिस्तौल इंदौर से लेकर आए है।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** मंगाली चौकी पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपित गांव कैमरी निवासी चिराग और घोड़ा को गिरफ्तार किया है। एएसआई जयबीर ने बताया कि मंगाली चौकी में गांव कैमरी निवासी शैलेंद्र ने एक जुलाई को उसकी मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया। चिराग उर्फ घोड़ा इस मामले में तीसरा आरोपी है।

### अलग-अलग मामलों में तीन उद्घोषित गिरफ्तार

**हांसी।** जिलेभर में पीओ व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर हांसी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में उद्घोषित तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान हिसार की ढाणी शोभा निवासी सुरेन्द्र, भिवानी जिला के खानक निवासी सोमबीर व सुल्तानपुर निवासी जसबीर के रुप में हुई है। पकड़े गए आरोपी सोमबीर व जसबीर को अदालत ने चैक बाउंस मामले में उद्घोषित अपराधी करार दिया हुआ था वहीं सुरेन्द्र को शहर थाना में दर्ज लुट के मामले में उद्घोषित अपराधी करार दिया हुआ था। तीनों आरोपितों को न्यायालय के आदेशानुसार सोमबीर, जसबीर व सुरेंद्र को जेल भेज दिया गया।

### कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण


# हकृवि के विभिन्न पीएचडी कोर्सों में दाखिले के लिए हुई प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्य परिसर में बने परीक्षा केंद्र पर पुख्ता प्रबंध किए। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी भी की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को विभिन्न पीएचडी कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्य परिसर में बने परीक्षा केंद्र पर पुख्ता प्रबंध किए थे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उनके साथ दौरे में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा व परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार भी उपस्थित रहे।

**हिसार।** हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए व परीक्षा में बैठे परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

### इन कोर्सों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

आज जिन पीएचडी कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रोनॉमी, एंटोमोलॉजी, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, हॉर्टिकल्चर, नेमाटोलॉजी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एवं टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री. मेटीयोरोलॉजी, फोरेस्ट्री, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट; मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में केमिस्ट्री, बॉयोकेमिस्ट्री, प्लांट फिजियोलॉजी, इनवायरमेंटल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, जूलोजी, सोशियोलॉजी, स्टैटिस्टिक्स, फिजिक्स, मैथमेटिक्स व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी; बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में मोलिक्युलर बॉयोलॉजी एंड बॉयोटेक्नोलॉजी व बॉयोइन्फर्मेटिक्स; सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में फूड्स एंड न्यूट्रीशन, एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस; कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कांजर्वेशन इंजीनियरिंग और मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक्वाकल्चर, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी व एक्वाटिक एनीमल हेल्थ मैनेजमेंट शामिल हैं।

### वेबसाइट चेक करते रहें परीक्षार्थी

परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए कुल 76 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 65 प्रतिशत छात्राएं और 35 प्रशित छात्र शामिल रहे। उन्होंने उम्मीदवारों व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे उपरोक्त पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला संबंधित नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चेक करते रहे।

### 76 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, परिसर में परीक्षा केंद्र बनाया था। इस प्रवेश परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की फोटोग्राफी भी की गई। इसमें कुल 76 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, जिनमें 65 प्रतिशत छात्राएं व 35 प्रतिशत छात्र शामिल रहे।

# पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले-2024 में भाजपा की लोकसभा और विधानसभा में होगी प्रचंड जीत

- रोहतक में कैप्टन अभिमन्यु के जन्मदिन पर जनसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जन्मदिन रोहतक में धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन से एक दिन पहले पुरानी आईटी के पास चिन्योट कॉलोनी में जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट प्रवीण नारंग रहे। जनसभा में भाजपा नेताओं समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जनसभा के दौरान तीन राज्यों में भाजपा की जीत का जश्न और केक काटकर पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जन्मदिन मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन अभिमन्यु ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री देखना चाहती है। कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस को गुलाबी गैंग बताया।

कांग्रेस के राज में पर्ची और खर्ची के बिना कुछ नहीं होता था, लेकिन जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, तब से पर्ची और खर्ची बंद हो गई है। युवाओं को ईमानदारी और योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। साथ ही उन्होंने अपने आप को मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर बताया है और कहा कि वे भारतीय जनता पार्टी का साधारण सा कार्यकर्ता हैं, वे मुख्यमंत्री की दौड़ में नहीं हैं।

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि लोकसभा हो या विधानसभा वे कहीं से भी चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार आएगी।



**रोहतक।** जनसभा को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

जनसभा के दौरान आयोजन एडवाकेट प्रवीण नारंग, भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन ढुल, सुनील राठौड, प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी लीगल सेल, बॉबी गजराज, मनोनीत पार्षद अमित बंसल, राजू सरपंच समरगोपालपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, सीनिसर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, राजेश भालौठ, रेनू डाबला, पूर्व पार्षद अनिता मिगलानी, पार्षद राधेश्याम ढल, हिमांशु ग्रोवर, महाराज कर्णपुरी, राजकुमार सुनारियां, चेतना अरोड़ा, एडवाकेट वजीर, मनोज मक्कड़, अनिता बुधवार, तारा देवी और पदम ढुल समेत सैकड़ो भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**महम।** भाजपा कार्यकर्ताओं संग केक काटकर जन्मदिन की खुशी मनाते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने महम में पार्टी कार्यकर्ताओं संग मनाया जन्म दिन

**महम।** प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का 18 दिसंबर को जन्मदिन है। उनके जन्म दिन के उपलक्ष्य पर रविवार को महम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। कैप्टन अभिमन्यु ने खुद भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। महम पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कैप्टन अभिमन्यु से केक कटवाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

### संपत्ति विवाद में मां को दी जान से मारने की धमकी

**हांसी।** संपत्ति विवाद के चलते एक बेटे द्वारा मां के साथ धक्का मुक्की करने व उसे जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित मां की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उमरा व हाल एसएस कांप्लेक्स हांसी निवासी माया देवी ने कहा है कि हांसी बस स्टैंड के सामने स्थित एसएस कांप्लेक्स हमारी सांझा प्रॉपर्टी है जिसे मेरे पति ने बनवाया था और इस प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर मेरे दोनों बेटों बिजेंद्र व राजबीर के बीच विवाद चल रहा है। माया ने बताया वह पिछले दिनों ढाणी गुजरान स्थित खेत की ढाणी में अपने छोटे बेटे राजबीर के पास गई हुई थी। मेरा बड़ा बेटा बिजेंद्र वहां आया और मेरे साथ धक्का मुक्की कर गालियां देने लगा और मुझे जान से माने कि धमकी देने लगा।

# लेन-देन के विवाद में छोटे ने बड़े भाई पर तानी पिस्तौल

- पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन आरंभ की

**हिसार।** नजदीकी गांव आर्यनगर में लेन-देन के विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई पर पिस्तौल तानकर उसे जान से मारने की धमकी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आजाद नगर थाना में दी शिकायत में आर्यनगर के रहने वाले सोनू ने कहा है कि गत शाम उसकी मौसी संतोष ने फोन कर उसे बताया कि घर पर उसका भाई विकास उर्फ मोनू आया हुआ है। विकास मेरे और तेरे चाचा के साथ मार पिटाई कर रहा है। जब वह मौसी के घर पहुंचा तो विकास ने उसकी भी पिटाई की। विकास ने अपनी पत्नी ज्योति को अपने घर से पिस्तौल निकालकर लेकर आने को कहा। इसके बाद ज्योति पिस्तौल लेकर आई और विकास को दे दी। सोनू ने बताया कि विकास ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर जान से मारने की कोशिश की। ज्योति भी उसे और मौसी के साथ पिटाई करने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। वे लोग विकास को छुड़वाने लगे तो पिस्तौल वहीं गिर गया। इसके बाद पिस्तौल को चाचा बलराज ने उठा लिया। विकास और ज्योति ने जाते जाते कहा कि आज तो बच गए, दोबारा फंसने पर जान से मारेंगे। विकास कुछ समय बाद बलराज के पास आकर अपना पिस्तौल वापस ले गया। पुलिस न केस दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है। अभी तक किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# मंदिर में आई महिला को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**हिसार।** बरवाला थाना क्षेत्र के गांव बनभौरी में एक कार चालक ने लगभग 87 वर्षीय महिला रेशमा को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसे गंभीर हालत में अग्रोहा मेडिकल में भर्ती करवाया गया है। टक्कर मारने की घटना की सीसीटीवी में कैद हो गई। नाथूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है। वह शादीशुदा है और चार बच्चे है। पिता की करीब 15 साल पहले मृत्यु हो गई थी। उसकी 87 वर्षीय मां रेशमा बनभौरी में भ्रामरी देवी मंदिर में दोहते के साथ माथा टेकने गई थी। उसकी माता मंदिर के पास आकर बैठ गई। उसका भांजा अंदर पूजा करने के लिए चला गया। इसी दौरान कुछ दूरी पर खड़ी गाड़ी ने टक्कर मार दी और गाड़ी का एक पहिया उसकी माता के पांव पर चढ़ गया। इसके बाद शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कार ड्राइवर भी बाहर उतरा। एक बाद देखने के बाद वह गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बरवाला पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन चालक पर केस दर्ज किया।



# पेंशनधारक रहें साइबर क्राइम के प्रति जागरूक: मोहित हांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने पेंशन धारकों से साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहने का आाह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हो रहे साइबर क्राइम को देखते हुए उन्हें भी जालसाजी से सावधान रहने की आवश्यकता है।



पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि साइबर अपराधी पेंशन धारकों का डाटा लेकर उनसे फ्रॉड कर सकते है। पेंशन धारकों का भरोसा जीतने के लिए अपराधी पेंशन निदेशालय के कर्मी बन उनके सर्विस रिकार्ड, बैंक अकाउंट, पेंशन भुगतान आदेश व मासिक पेंशन की जानकारी देते हैं और अपराधी जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं होने के कारण पेंशन रोके जाने की बात कहते हैं।इसका फायदा उठाकर पेंशन धारक के मोबाइल पर एक एसएमएस भेजते हैं, जिसमें ओटीपी होता है। इसके बाद पेंशन धारक से ओटीपी बताने के लिए कहा जाता है। यह ओटीपी मिलते ही ठग पेंशनधारक के खाते में जमा रुपये ऑनलाइन दूसरे खाते या ई-वालट में ट्रांसफर कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन धारकों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए विभाग की तरफ से कोई फोन नहीं किया जाता है। ऐसे में अगर किसी व्यक्ति के पास जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने का फोन आता है, तो वह ठगी का मकसद हो सकता है।

पेंशन धारक उपस्थित होकर या आधिकारिक माध्यमों से ही अपना प्रमाण पत्र जमा करवाएं। पेंशनधारक साइबर अपराधियों को पेंशन निदेशालय का कर्मी समझ कर विश्वास न करें।

**हादसा** जालंधर में धुंध के कारण हादसे का शिकार हो गया था अक्षत का वाहन

# गमगीन माहौल में किया लेफ्टिनेंट अक्षत स्वामी का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पंजाब के जालंधर में दुर्घटना का शिकार हुए हिसार के लगभग 21 वर्षीय लेफ्टिनेंट अक्षत स्वामी का रविवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। धुंध में कार पलटने के कारण अक्षत हादसे का शिकार हो गया था।

इससे पहले अक्षत का पार्थिव शरीर गवर्नमेंट कॉलोनी स्थित घर पर लाया गया। इसके बाद बस स्टेंड के पास श्मशान घाट में चचेरे भाई नवीन ने मुखाग्नि दी। अक्षत परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी बहन अक्षिता स्वामी जॉर्जिया में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है। अक्षत जब 17 साल का था तो उसका एनडीए में चयन हुआ था। इसके बाद चार साल तक उनकी ट्रेनिंग हुई। कुछ महीने पहले ही अक्षत लेफ्टिनेंट बने थे। इनकी पहली तैनाती जालंधर में सिख रेजिमेंट में हुई थी। दो दिन के बाद ही अक्षत की मध्यप्रदेश में पोस्टिंग होनी थी।

ताऊ दिनेश ने बताया कि शुक्रवार की शाम को चचेरे भाई नवीन से अक्षत की फोन पर बात हुई थी। अक्षत अक्टूबर महीने में रिश्तेदारी की शादी के लिए छुट्टी लेकर आया था और 16 अक्टूबर को वह लौट गया था। नवीन ने उसे कहा था कि भाई छुट्टी लेकर मिलने के लिए घर आ जाओ, लेकिन हादसे में उसकी जान चली गई।





इसके बाद बेटे का शव लेने पिता प्रकाश स्वामी, मां सोनी स्वामी, पार्षद जयप्रकाश, सुरेश कुमार सहित अन्य रिश्तेदार जालंधर पहुंचे थे।

अक्षत अपने पिता और रिश्तेदारों से प्रेरित होकर देश सेवा के लिए सेना में भर्ती हुए थे। पिता प्रकाश स्वामी मूलतः बासड़ा गांव के हैं जो काफी वर्षों तक यूएन नाटो में सेवाएं दे चुके हैं। अब प्रॉपर्टी खरीदने व बेचने का काम करते हैं। चचेरे भाई नवीन और मोहित नेवी/मर्चेंट नेवी में सेवारत हैं। फूफा पवन बॉक्सिंग के खिलाड़ी रहे तो उनका सेना में चयन हुआ था। फूफा हंसराज व ऋषि भी नेवी/मर्चेंट नेवी में बतौर ऑफिसर सेवाएं दे चुके हैं।



**हिसार।** दिवंगत अक्षत स्वामी, उन्हें सलामी देते सेना के जवान व उपस्थित नगरवासी। फोटो : हरिभूमि



## शरद पूर्णिमा पर उमड़ती है भारी भीड़

झज्जर के दूबलधन माजरा-डी में स्थित जटेला धाम में हर वर्ष शरद पूर्णिमा पर आयूर्वेदिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई खीर का भंडारा लगाया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। वैसे तो यहां हर रोज भंडारा चलता रहा है। लेकिन शरद पूर्णिमा के भंडारे का खास महत्व है। बताया जा रहा है कि यहां नजले, दमे, एलर्जी की बीमारी वाले लगभग एक लाख से अधिक लोग इस आश्रम द्वारा तैयार विशेष जड़ी बूटियों से तैयार खीर खाकर ठीक हो चुके हैं।

# संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि जटेला धाम

*18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द जी महाराज ने समाज सुधार और भक्ति काव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में भी विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में कई बर्षों तक तपस्या की।*



गुरु महाराज की गद्दी जहां बैठकर विश्राम करते थे

**आस्था** | **विनोद कौशिक**

झज्जर के गांव दूबधन माजरा में साहित्य व अध्यात्म के केंद्र जटेला धाम में संत कवि स्वामी नितानन्द की तपोभूमि पर हर रविवार आस्था का सैलाब उमड़ता है। जटेलाधाम में आज से करीब 220 वर्ष पूर्व उस दिव्य महापुरुष (स्वामी नितानन्द) ने अपनी दिव्य अप्रकृत लीला का विस्तरण कर नर नारियों की हृदयभूमि को प्रेम से आप्लावित किया। स्वामी नितानन्द सन 1799 ई. को हमारे चक्षुओं से ओझल जरूर हो गए, परन्तु उनकी परम चेतना और उनका मार्ग दर्शन उनके शरणागतों को आज भी होता रहता है। आज उनकी लीला भूमि अर्थात उनकी तपोभूमि के द्वार हर जीव मात्र के लिए खुले हैं। 18वीं शताब्दी में स्वामी नितानन्द ने समाज सुधार और भक्ति कावव्य की रचना की जो संत सिद्धांत प्रकाश ग्रंथ में विद्यमान है, उसकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। नंदलाल से स्वामी नितानन्द बने संतजी भरतपुर रियासत के तहसीलदार और बीरबल के वंशज थे। उनके नाना सिताबराय रेवाड़ी और नीमराणा रियासत के सैन्य प्रशासक थे। उन्होंने अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा से बिगोवा, बास, रानीला, माजरा, दूधवा, वीना गांव के बीच जटेला धाम में तपस्या की। जटेला धाम के महंत स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने बताया कि दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक जाल के वृक्ष के नीचे तपस्या की। तपस्या के दौरान उनके निर्मल मन से उनके मुख से जो वाणी निकली वही काव्य शास्त्र बन गया। इनके काव्य को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में भी पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है। बताते हैं कि स्वामी अपने गुरु संत गुमानी दास जी महाराज की आज्ञा के अनुसार यहां जटेला की पावन धरा में तप करने आए थे।

**तपस्या**
दंत कथाओं के मुताबकि स्वामी जी ने यहां करीब 12 साल तक तपस्या की थी।

**रिसर्च**
स्वामी जी के काव्य को कुरुक्षेत्र विवि व महर्षि दयानंद विवि रोहतक में पढ़ाया जाता है। उस पर रिसर्च की जाती है।

### यह भी मान्यता

जटेला धाम में यह भी मान्यता है कि यहां नितानन्द जी महाराज ने लोगों के कष्टों का निवारण किया। जब स्वामी जी गांव वालों को प्रवचन देते थे तो यही कहते थे कि जब इस शरीर रूपी काया का इस संसार से त्याग होगा तो मेरे शरीर को यहीं जंगल में इसी पेड़ के नीचे रख देना, ताकि यहां पशु-पक्षी जंगली जानवर अपना पेट भर सकें।



### ये कथा प्रचलित

यहां यह कथा भी प्रचलित है कि जब स्वामी जी का मानव रूपी शरीर पूरा हुआ तो लोगों ने उनके कहे अनुसार उनके शरीर को वहां स्थित एक जाल के पेड़ के नीचे छोड़ दिया। इसके बाद वे वहीं से सहशरीर वैकुंठ धाम को चले गए। बताया जाता है कि उसी स्थान पर कुछ दूरी पर महाराज जी की चरण पादुकाएं और बर्तन मिले। तभी से उस जाल के पेड़ के नीचे महाराज जी की अखंड ज्योत और पाठ करने की परंपरा आरंभ हो गई। वहां यदि सच्चे मन से कोई फरियादी अपनी फरियाद लेकर जाता है तो स्वामी जी की दया से उसकी सभी मन्नतें पूर्ण होती हैं।



जटेला धाम में उमड़ी भीड़।

### होता है बीमारियों का इलाज

यह धाम झज्जर और चरखी दादरी शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरी के पास गांव दूबलधन माजरा-डी में स्थित है। आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने देशी एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों पर शोध किया है और शोध के बाद अनेक जटिल बीमारियों के इलाज भी किया है। महंत राजेंद्र दास कैंसर, किडनी, अस्थमा, दमा, नजला, जुकाम, खांसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, पीलिया, टाइफाइड सहित अनेक गंभीर बीमारियों का इलाज देशी जड़ी बूटियों से करते हैं। यहां अब तक लाखों लोग ठीक हो चुके हैं।

### 300 साल पुराना जाल का पेड़

आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जिस जाल के पेड़ के नीचे बैठकर स्वामी जी महाराज ने तपस्या की थी वह करीब 300 साल पुराना जाल का पेड़ आज भी यहां मौजूद है। इस पेड़ को संरक्षित किया गया है। इसे लोहे पाइपों से सहारा देकर क्षतिग्रस्त होने से बचाया गया है। इस पेड़ पर कई शोध भी हो चुके हैं। इसके अलावा आश्रम में 100 से 150 साल पुराने जाल के और भी पेड़ मौजूद हैं। वहीं बड़ और पीपल के भी बहुत पुराने पेड़ आश्रम में मौजूद हैं।

### हर रविवार को देते हैं दवाइयां

महंत राजेंद्र दास यहां हर रविवार को प्रवचन करते हैं और लोगों को दवाइयां भी देते हैं। यहां नशा छुड़वाने के लिए भी दवाई दी जाती है। हर रविवार को हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा आश्रम में ध्यान शिविर भी लगाया जाता है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। ध्यान शिविर में भाग लेने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। यहां आने वालों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था आश्रम की तरफ से ही की जाती है। ध्यान शिविर हर रविवार को होता है, जबकि साल में एक बार तीन दिन के लिए शिविर लगता है।

### मिलती है मन की शांति

जटेला धाम समाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता है। आश्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि वह यहां से दवाइयां लेकर जाते हैं, जिससे उन्हें काफी आराम मिला है। यह एक तपोभूमि है। यहां आकर लोगों को इलाज के साथ-साथ मन की शांति प्राप्त होती है।



जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज।

### पर्यावरण के लिए भी कर रहे काम एक लाख त्रिवेणी लगाने का लक्ष्य

महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि उन्होंने प्रदेश में त्रिवेणी महोत्सव का आयोजन किया था। इसके तहत पूरे प्रांत में त्रिवेणी(बड़, नीम व पीपल) लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, झज्जर, रोहतक, फरीदाबाद व पानीपत समेत कई जिलों में करीब 15 हजार त्रिवेणी लगाई जा चुकी हैं। वहीं, अब प्रदेश में पंचवटी (बड़, पीपल, बेल, आवला और अशोक) लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### यह भी कार्यक्रम

जटेला धाम पर साल में एक बार स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाता है। हर साल होली के बाद दुल्हेंडी और भदो शुदिएकम पर आश्रम में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इन मौकों पर यहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। यहां भंडारा देने के लिए भी लंबी लाइन रहती है।

### कई बड़ी हस्तियां कर चुकी आश्रम का दौरा

इस आश्रम में देश की बड़ी हस्तियों का तांता लगा रहता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, एम्स के पूर्व निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया, पूर्व में शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा, शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुज्जर, कृषि मंत्री जेपी दलाल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन के मुख्य नेता रामविलास वेदांती समेत कई बड़े दिग्गजों ने इस आश्रम का दौरा किया है और जटेला धाम द्वारा लोगों को दी जा रही सेवाओं की सराहना भी की है।



जटेला धाम में इसी जाल के वृक्ष के नीचे बैठकर स्वामी नितानन्द जी महाराज ने कई वर्षों तक तपस्या की थी।

**कविता** | **सीमा रंगा इन्द्रा**



### नासमझ बेटा

मात- पिता की बात मान लो, नही पड़े दुख सहना,
समझा- समझा हार गए क्यों, नहीं मानते कहना,
कहने बैठो गर कुछ इनको, कहे नासमझ हमको,
भूल रहे जीवन से शिक्षा, दूर करे है तमको।

इनकी बातें बड़ी निराली, चकित सभी को करती,
सुने नहीं है बात बड़ों की ,देख इन्हें माँ डरती,
जुबां चलाएं सबके आगे ,करते हैं मनमानी,
घर में अपना रौब जमा कर,करते है नादानी।

दो आखर को पढ़ कर समझे, खुद को बेशक ज्ञानी।
पड़ जाए जो बोझ उठाना, याद करे वो नानी,
फिर मत कहना नहीं समझ थी, हमें नहीं समझाया,
निकल गया जो समय हाथ से, लौट कहो कब आया।

बन जायेगा जीवन तेरा, सुनो ध्यान धर बातें,
तेरे ही सुख खातिर जागे, हैं हम कितनी रातें,
केवल सच ही जीवन नैया पार करेगा तेरी,
इसीलिए बेटा बातों पर, अमल करो बिन देरी

**कविता** | **डॉ. अशोक कुमार वर्मा**



### यह पैसा बुरी बीमारी

यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे।
जब तक न हो खत्म मन बावला करे।
क्या नया खरीदूं कैसे इसे उड़ाऊँ।

जितना अधिक रुपया उतना संकट भारी।
दिन में नहीं चैन बन्दा कूदता फिरे।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन मिले जिस दिन मैं शीघ्र ठिकाने लगाऊ।
जब तक न हो ख़त्म न चैन से बैठ पाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

जब तक रहे पास न कुछ और सोच पाऊँ।
जिस जिस की है उधारी मैं शीघ्र चुकाऊँ।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे...

वेतन जब हो जाए खत्म तब उधारी उठाऊँ।
25 दिन महीने के बड़ी शांति से बिताऊं।
यह पैसा बुरी बीमारी रातों की नींद हरे.....

**कविता** | **गरिमा**




### विद्यार्थी और शिक्षक

एक इंसान शिक्षा देने वाला, बच्चों का रखवाला
नारियल जैसा चरित्र,मन गंगा सा पवित्र
असंख्य बच्चे उसकी पहचान, बच्चे ही उसकी जान
जुड़ जाता है दिल, बच्चों से इस तरह
दोस्त, माँ, भाई, बहन का इस तरह
ज्ञान की धारा कुछ ऐसे बहती है
मेरे विद्यार्थी सफल हो, उसकी हर धड़कन कहती है।
जीवन के किसी मोड़ पर, समय ऐसा आता है, फ़ुल जैसे नाजुक बच्चों को छोड़ना पड़ जाता है ।
पर दिल का रिश्ता मानो और भी गुड बनता जाता है।
प्यारे सभी बच्चे शिक्षक की जान होते हैं।
उसके दिल की धड़कन और माथे का अभिमान होते हैं।
विद्यार्थी से बच्चे और बच्चों से संसार है।
बस कुछ ऐसा खट्टा-मीठा, सुंदर - शुद्ध
विद्यार्थी-शिक्षक का प्यार है

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

**ऐतिहासिक** | **पुरातत्व विभाग से लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने इन ऐतिहासिक इमारतों की ओर नहीं दिया कभी ध्यान**

# अरावली पर्वत पर 1300 ई. में बना कोटला किला बदहाल



**ऊंचाई**
हजारों फुट ऊंचाई पर करवाया किले का निर्माण

**निगरानी**
चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई

**हिफाजत**
हिफाजत के लिए शाम ढलते ही कर देते थे दरवाजे बंद

**अनदेखी** | **कासिम खान**

मेवात जिले के कोटला गांव में अरावली पर्वत की चोटी पर करीब 1300 ईस्वी में नवाब नाहर खान ने दुश्मनों के छक्के छुड़ाने के लिए हजारों फुट ऊंचाई पर किले का निर्माण कराया। किले के चारों तरफ निगरानी के लिए मचानें बनवाई गई। सुरंग से लेकर घुड़साल और तालाब भी बनवाया गया था। घोड़ों को तिजारा राजस्थान की तरफ से किले तक पहुँचाया जाता था। कोटला गांव के चारों तरफ बड़ी चौड़ी और ऊँची दीवार थी। दुश्मनों से हिफाजत के लिए शाम ढलते ही दो दरवाजे थे, जिन्हें बंद कर दिया जाता था। किले के ठीक समीप से सदियों से पानी झरने बहते हैं। झरने के पानी से महिलाएं कपड़े धोती हैं, साथ ही पशुओं को भी लोग पानी पिलाते हैं। कई सौ फुट ऊंचाई से झरने का पानी गिरता है, जो कुदरत का बेजोड़ नमूना है। इस मुकाम और ऊंचाई पर बने कोटला किले का जायजा लेने के लिए हमारी टीम ने जान जोखिम में डाल कर उबड़ -खाबड़ पहाड़ के रास्ते को पार करते हुए किले तक का सफर तय किया। बताया जाता है की कोटला की राजधानी को तहस-नहस करने के लिए राजाओं हमले, शायद उसी का नतीजा है की अरावली की चोटी पर इस किले का निर्माण नवाब नाहर खान ने किया। नाहर खान वंशज शहीद राजा हसन खान मेवाती थे, जिनके नाम पर आज मेडिकल कालेज का नामकरण सूबे की सरकार कर चुकी है। हसन खान मेवाती ने राणा सांघा और बाबर के बीच जो युद्ध हुआ था, उसमें हसन खान मेवाती ने बाबर का नहीं बल्कि राणा सांघा का साथ दिया था। उस वीर शहीद को आज भी लोग मेवात में याद करते हुए सीना चौड़ा कर लेते हैं।

वतनपरस्ती के साथ-साथ हिन्दू-मुस्लिम भाई चारे को उस समय भी हसन खान मेवाती ने बढ़ाया था। इसके अलावा 1300 ईस्वी में ही फिरोजशाह तुगलक के वंशज ने बड़े विशालकाय पत्थरों से मस्जिद का निर्माण कराया।



### जीर्णोद्धार की जरुरत

इसके निर्माण में गारे-मसाले का कम ही प्रयोग हुआ। इन ऐतिहासिक इमारतों की पुरातत्व विभाग लेकर केंद्र व सूबे सरकार ने कभी ध्यान नहीं दिया। किला बदहाल होता जा रहा है। किले में एक गुफा है, जिसकी गहराई आज तक कोई नहीं माप पाया। लोग बताते हैं कि गुफा फिरोजपुर झिरका में जाकर निकली थी, ऐसा भी तब हुआ जब गाय को ढूढ़ने के लिए लोग गुफा में उतरे थे। दीये के लिए सवा मन सरसों का तेल लेकर गए थे,लेकिन गाय नहीं मिली। वे फिरोजपुर झिरका में जाकर निकले। इसके जीर्णोद्धार की जरुरत है। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनके बारे में जान सकें।

# नए जमाने के म्यूजिक में लुप्त हो रही सारंगी की धुनें

◆ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में लोगों को करवा रहे संस्कृति से रूबरू ◆ पांचवी पीढ़ी विद्या को बढ़ा रही आगे ◆ सरकार से प्रोत्साहन मिलने की जरूरत

**कलाकार** | **तरुण वधवा**

नए जमाने के म्यूजिक में सारंगी की धुनें लगभग लुप्त हो रही हैं। आज की पीढ़ी अपने इस शास्त्रीय संगीत के वाद्य को भूलने लगी है। सारंगी शास्त्रीय संगीत का एक वाद्य यंत्र है। यह एक खोखली लकड़ी के लंबे डिब्बे जैसी होती है, जिस पर चमड़े की परत चढ़ी होती है। इसमें सिर्फ तीन तार होते हैं। इसे एक बो की मदद से बजाया जाता है जिसे गज कहते हैं। पुराने जमाने में घुमक्कड़ जातियां सारंगी बजाया करती थीं। पहले इसे सारिंदा नाम से भी जाना जाता था। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर पर लगे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में गांव खरल जिला जींद निवासी सारंगी वादक प्रेम चंद अपनी टीम के साथ आए हैं। उनकी टीम में हरिकेश लांबा, सतबीर, कृष्ण कुमार, राजेंद्र, इंद्र व उदयभान शामिल हैं। ये सारंगी वादक सारंगी की तार से निकलने वाली मीठी-मीठी धुनों से महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं। सारंगी वादक प्रेम सिंह बताते है कि यह उनकी पांचवी पीढ़ी है जो इस विद्या को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब अगली पीढ़ी इस विद्या में आना नहीं चाहती है क्योंकि इससे परिवार का गुजारा नहीं चलता, जिस कारण यह विद्या अब लुप्त होती जा रही है।

प्रेम सिंह का कहना है कि अब साल में 10 से 12 कार्यक्रमों में ही काम मिलता है। इसके अलावा वे साल भर खाली घर पर रहते हैं। इस विद्या से अब घर का खर्च नहीं चलता है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सरकार ऐसी विद्या को बचाने के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करे। उनके लिए गुजारा भत्ता शुरू किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ-साथ इस विद्या को जिंदा रख सके।





### स्कूलों में दी जाए शिक्षा

65 वर्षीय प्रेम सिंह का कहना है कि सारंगी विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में इसकी शिक्षा दी जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी का रुझान इस ओर बढ़े। उन्होंने बताया कि इस विद्या को जीवित रखने के लिए स्कूलों में गुरु-शिष्य परपंरा शुरू की जा सकती है। इसके तहत 6 महीने का कोर्स करने के बाद विद्यार्थियों को वजीफा के तौर पर सर्टिफिकेट व नकद राशि देकर सम्मानित किया जा सकता है। इससे आने वाली पीढ़ी का रुझान अवश्य ही बढ़ेगा।

### ऐसे बढ़ी रुचि

सारंगी विद्या में रुचि बढ़ने बारे प्रेम सिंह बताते हैं कि उनके पिताजी सारंगी बजाते थे तो उनके साथ-साथ जाकर उन्हें भी सारंगी का शौक चढ़ गया। उनके पास कोई पुश्तैनी जमीन या अन्य कोई कार्य नहीं था, इसलिए उन्होंने सारंगी को ही अपना कार्यक्षेत्र चुना।

प्रेम सिंह बताते हैं कि पहले जमाने में लोग सारंगी की लोग कद्र करते थे। सारंगी की धुनों को शांति से सुनते थे, लेकिन आज के युवा सारंगी की धुन को सुनना पसंद नही करते हैं। प्रेम सिंह बताते हैं कि जब वे 10 वर्ष के थे तो उनके पिताजी कहीं गए हुए थे और सारंगी घर पर दीवार के ऊपर टंगी हुई थी। उन्होंने सारंगी को दीवार से उतारकर बजाना शुरू कर दिया। जब उनके पिताजी आए तो उन्होंने देखा कि यह तो अपने आप ही सारंगी बजा रहा है। तब उनके पिताजी ने उनको सारंगी बजाना सिखाया। प्रेम सिंह ने बताया कि सारंगी के साथ गाया जाने वाला भजन भी उनका है, साज और ताल भी उनकी खुद की है। प्रेम सिंह बताते है कि हीर रांझे की आवाज से पशुओं की बीमारी दूर होती है। जिस किसी भी गांव में पशुओं की महामारी फैलती है तो वहां पर जोगी बुलाए जाते है। रांझे जिस भी गांव में जाते हैं वह पशुओं का इलाज रात के अंधेरे में करते हैं। रात में सारंगी की तान छिड़ती है तो रांझे के स्वर गूंजते हैं। जहां तक आवाज जाती है पशु भी एकटक खड़े हो जाते हैं मानो वह इस संगीत को सुन रहे हों। ग्रामीणों का मानना है जहां तक भी यह आवाज जाएगी, कोई भी टोना-टोटका या बीमारी असर नहीं करेगी।

एक बार गांव में डेरा जमाने के बाद यह तब तक गांव में बसेरा करते हैं, जब तक पशु ठीक नहीं हो जाएं। इस दौरान रहने तथा खाने-पीने की व्यवस्था ग्रामीण ही करते हैं। पशुओं के ठीक होते ही यह दूसरे गांव के लिए रवाना हो जाते हैं।

### सारंगी की तान का कोई मोल नहीं

रांझे की सारंगी के निकली तान का कोई मोल नहीं है। वह कहते हैं अगर इसकी कीमत लगाई तो यह बेअसर हो जाएगा। जिस गांव में जाते हैं, उस गांव के लोग खुद ही अपनी इच्छा से उन्हें सामान देते हैं। कोई कपड़े देता है तो कोई अनाज। रांझे से सारंगी से इलाज के संबंध में पूछने पर वह कहते हैं यह तो हमे नहीं पता, क्योंकि हमें यह गीत एवं तान विरासत में मिली है, लेकिन जिस तरह से तनाव में आने पर आदमी जब संगीत सुनता है तो उसका तनाव दूर होता है। अगर मन खुश रहता है तो फिर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं इसी तरह से हम पशुओं के लिए गाते हैं।

**खबर संक्षेप**

## नामदेव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 24 को

**आदमपुर।** संत नामदेव समाज सेवा समिति की ओर से 24 दिसंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के छात्र, छात्राएं शिक्षा, खेलकूद, संस्कृत व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विनोद वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में गायक कलाकार सुरेश बालसमंदिया, सुनील डाया एवं आकाश आदमपुरिया सहित कई गायक कलाकार बाबा नामदेव का गुणगान करेंगे। विनोद वर्मा ने बताया कि इस संबंध में समाज के युवा मेघावी 22 दिसंबर तक अपने आवेदन समिति के पदाधिकारी के पास जमा करवा सकते हैं।

## सांसद से मिले अखिल भारतीय नायक सभा हरियाणा के पदाधिकारी


**बरवाला।** अखिल भारतीय नायक सभा हरियाणा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार नायक के नेतृत्व में सभा के पदाधिकारी डॉक्टर सुरेन्द्र सिंह कुरुक्षेत्र, संगठन सचिव मास्टर जिले सिंह भीखेवाला, युवा के पूर्व प्रदेश प्रभारी इंद्रजीत शेखावत बरवाला, प्रचार सचिव मोहन लाल आर्य व भूपसिंह बरवाला किसान विश्रामगृह में सांसद बृजेंद्र सिंह से मिले। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार नायक ने बताया कि नायक मुख्य जाति को अन्य उप जातियों अहेरी, अहेरिया, हेरी, हारी, तुरी, थोरी के साथ अनुसूचित सूची में जुड़वाने के लिऐ सांसद बृजेंद्र सिंह ने हम से अन्य जरूरी कागजात मांगे थे जो कि उन्हे सौंप दिए गए हैं। सांसद बृजेंद्र सिंह ने आज फिर हमारी बात को गंभीरता से लेते हुए एससी आयोग के अधिकारियों से बात की ओर सबंधित फाइल को तुरंत प्रभाव से केंद्र को भेजने बारे कहा।

### निर्माण कार्य पर 39 करोड़ 40 लाख रुपये की खर्च होगी धनराशि

# विधायक ने किया तीन सड़क विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का शुभारंभ

**हांसी-उमरा-सुल्तानपुर-कंवारी सड़क का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू, अगले सप्ताह लगेगा टेंडर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी



हांसी। सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर विधिवत रूप से शुभारंभ करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

विधायक विनोद भ्याणा ने कहा है कि हांसी-उमरा-सुल्तानपुर-कंवारी रोड का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा। इस सड़क के निर्माण कार्य पर 39 करोड़ 40 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। उन्होंने बताया कि सड़क के निर्माण को लेकर अगले सप्ताह टेंडर लगाने के निर्देश संबंधी विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं।

फिलहाल इस सड़क की चौड़ाई साढ़े 5 मीटर है, लेकिन अब इसकी चौड़ाई को बढ़ाकर 7 मीटर किया जाएगा। विधायक विनोद भ्याणा ने रविवार को 3 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनने वाली तीन सड़क विकास परियोजनाओं के निर्माण कार्य का का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने एक करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से बनने वाली लगभग 4 किलोमीटर लंबी उमरा से पुठ्ठी, उमरा से रतेरा तथा हिसार तोशाम रोड से धमाणा गांव तक बनने वाली तीन सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया की उमरा-रतेरा रोड के निर्माण कार्य पर एक करोड़ 58 लाख रुपए की राशि तथा हिसार तोशाम रोड से धमाणा तक बनने वाली 270 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य पर 28 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी।

इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह सड़कों के निर्माण में बढ़िया गुणवत्तापरक निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को सड़कों की सेवाएं लंबे समय तक मिलती रहे या यह कहे की सड़कों का निर्माण ऐसा हो की दादा ले पोता बरते।

इस अवसर पर भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल, उमरा गांव के सरपंच विनोद कुमार, मनदीप मलिक, विजय मलिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मलिक, धमाना गांव के सरपंच सुनील कुमार, पूर्व सरपंच राजेश बलवंत नंबरदार, सरपंच प्रतिनिधि हिमांशु सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




## सर्वेश हेल्थ सिटी ने पीएनबी बैंक के लिए लगाया प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप कैंप

**हिसार।** सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी ने पंजाब नेशनल बैंक एसोसिएशन हिसार यूनिट के लिए प्रीवेंटिव हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। इसके तहत रियायती दरों पर टेस्ट एवं इन्वेस्टिगेशन की गई। इस मौके पर बैंक यूनियन के सर्कल सेक्रेटरी राजेश पसरीजा ने कहा कि यह कैंप हमारे कर्मचारी एवं अधिकारियों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच जो कि पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से होता है के अंतर्गत लगाया गया है। इस कैंप के सफल आयोजन के लिए हम सर्वेश हेल्थ सिटी की टीम एवं डॉ. उमेश कालरा का धन्यवाद कहना चाहेंगे जिन्होंने हमारे आग्रह पर कम समय में इस कैंप का आयोजन किया। पीएनबी की सर्कल हेड अंजू मित्तल ने कहा कि बैंक एम्पलाई के पास अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देने के लिए समय नहीं होता। हालांकि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बैंक ने साल में एक बार स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी हुई है। उन्होंने इसके लिए सर्वेश हेल्थ सिटी का आभार जताया। चैकअप कैंप के दौरान सभी सुविधाएं जैसे ब्लड, यूरिन टेस्ट एक्स-रे अल्ट्रासाउंड, ईसीजी, ईको टीएमटी, आंखों की जांच, दांतों की जांच, गायनी एवं जनरल फिजिशियन की सुविधा एक ही जगह होने की वजह से समय भी बचता है।

## श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुई राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद



नारनौंद। लोगों को संबोधित करते हुए स्वामी ब्रह्मानंद व अन्य।

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। उसके निमित्त नारनौंद के हनुमान मंदिर में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता आर्य समाज कार्यकर्ता व गौशाला प्रधान सतीश आर्य ने की। कार्यक्रम में स्वामी ब्रह्मानंद भी विशेष तौर पर मौजूद थे। स्वामी ब्रह्मानंद ने कहा भगवान श्री राम का नारा लगाने से नहीं उसके चरित्र को अपने जीवन में धारण करने से वास्तविक रामराज्य आएगा। वक्ता बिजेंद्र ने राम मंदिर के संघर्ष के इतिहास की गाथा व वर्तमान में बन रहे श्री राम मंदिर के स्वरूप के बारे में बताया। 492 वर्षों के दीर्घकाल खंड व चार लाख राम भक्तों की प्राणों की बलिदान स्वरूप यह शुभ कार्य पूर्ण होने जा रहा है। 712 ई.से लेकर स्वतंत्रता तक देश में 1300 वर्षों तक लगातार संघर्ष का दौर रहा। क्योंकि राम मंदिर का निर्माण जन सहयोग से हुआ था अतः अयोध्या से पूजित अक्षत की 25 दिसंबर को हनुमान मंदिर कमेटी के संयोजन से अक्षत कलश दर्शन एवम प्रभु श्रीराम शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी।

## गांवों में भी लगने चाहिएं फ्री मेडिकल कैंप : पूनिया

- श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट ने गांव लाडवा में किया विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बरवाला



बरवाला। कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत रविवार को गांव लाडवा में विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। गांव के सरपंच रामफल पूनिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया। सरपंच रामफल पूनिया ने इस अवसर पर कहा कि समाजसेवी संस्थाओं द्वारा गांवों में फ्री मेडिकल कैंप लगाना समय की जरूरत है। इससे शहरी सुविधाओं से दूर गांवों में रहने वाले लोग अपना इलाज आसानी से करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कैंप से निश्चित तौर गांव के लोगों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने गांव में फ्री मैडिकल कैंप के आयोजन को लेकर श्री रिसाल सिंह धर्मार्थ ट्रस्ट और पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू का आभार व्यक्त किया। कैंप के संयोजक एवं पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज गांव लाडवा की मेन चौपाल में प्रातः 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विशाल फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कैंप में डा. अमन बरवाला, डा.रिमन कामरा, डा. ज्योति व डा. रमन ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नरेश ग्रेवाल, बीडीसी मेंबर भूपेंद्र, रणबीर फौजी, साधुराम पंच, जयबीर सिंह, राजेंद्र पंच, पूर्व सरपंच धूपसिंह, नरेश जांगड़ा, पूर्व सरपंच रामचंद्र, हर्ष बामल, जुगविंदर, सुनील नंबरदार, अजमेर सिंह, सतीश, दीपक कुमार, मोहित व चंदा पूनिया आदि मौजूद रहे।

## एडीजीपी ने सड़क सुरक्षा अभियान और मिले परिणामों की समीक्षा की

- पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की कमी, नए वर्ष में 25 प्रतिशत कमी लाने का दिया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने सड़कों को सुरक्षित बनाने व सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रेंज पुलिस द्वारा तैयार की गई एक्शन प्लान व इस संबंध में दिए गए दिशा निदेर्शों व उनकी पालना की समीक्षा की।

रेंज में सीलिंग प्लान, सड़कों पर तेज गति पर सख्ती व सड़कों के किनारे पार्क किए जाने वाले वाहनों पर भी सख्ती बरतने का असर दिखाई दिया। परिणामस्वरूप प्राणघातक सड़क दुर्घटनाओं में 15 प्रतिशत कमी दर्ज की गई। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने रेंज में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का अवलोकन करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर दिए गए दिशा-निदेर्शों व उनकी पालना एंव मिले परिणाम ज्यादा संतोषजनक नहीं है परंतु फिर भी पिछले साल की तुलना में कमी आई है। एडीजीपी ने बताया कि रेंज स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में इसी अवधि तक 623 प्राणघातक सड़क दुर्घटना घटित हुई थी जबकि इस वर्ष अब तक 533 प्राणघातक सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई है।

## सरकार आपके द्वार जाकर कर रही है समस्या का समाधान

- राजथल व भैणी अमीरपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद



हिसार। राजथल गांव में छात्रों को सम्मानित करते भाजपा नेता अजय सिंधु।

विकसित भारत संकल्प यात्रा उपमंडल के राजथल तथा भैणी अमीरपुर गांव पहुंची। दोनों गांव में भाजपा नेता अजय सिंधु ने यात्रा का स्वागत किया। गांव राजथल में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। और अधिकारियों ने मौके पर ही समस्याओं का समाधान करके शिकायतों का निपटारा किया।

जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय सिंधु ने कहा कि भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा अनेक योजनाएं लागू की है। यह सभी ऐसी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं। जिनका लाभ उठाकर गरीब से गरीब व्यक्ति अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठा सकता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें। उन्होंने सभी विभागों की अधिकारियों को से भी कहा कि वह पात्र लोगों तक प्रत्येक योजना का लाभ पहुंचना सुनिश्चित करें। जन संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय सिंधु ने इससे पूर्व विभिन्न भागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ भी दिलवाई। इस अवसर पर एसडीएम सोनू भट्ट, जयवीर माजरा, जिला महिला प्रधान प्रधान सुषमा पांचाल, नायब तहसीलदार मोहम्मद खान, बीडीपीओ सत्यवान इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।




## मन की शुद्धि और आत्मा के साथ साक्षात्कार विपश्यना ध्यान : आचार्या मां धर्मज्योति

**हिसार।** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ ने अपने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में आचार्या मां धर्मज्योति ने विपश्यना ध्यान करवाया। आचार्या ने बताया कि विपश्यना ध्यान, एक प्राचीन बौद्ध ध्यान पद्धति है जो शान्ति और आत्म-समर्पण की प्राप्ति के लिए विशेष रूप से विकसित की गई है। यह ध्यान पद्धति भारतीय महापुरुष गौतम बुद्ध द्वारा बताई गई थी और इसे विपश्यना या विशेष देखना के रुप में जाना जाता है। विपश्यना ध्यान का मुख्य उद्देश्य मन की शुद्धि और आत्मा के सत्य का अनुभव करना है। इस ध्यान पद्धति में ध्यानकर्ता को अपने शरीर, श्वास, और मन के प्रति सच्चाई से सम्बंधित रुप से ध्यान केंद्रित करने के लिए उत्तेजित किया जाता है। यह ध्यान विशेष रूप से अपने अंतर्मन की सत्य निरीक्षण के माध्यम से आत्म-जागरुकता और स्वाध्याय को बढ़ावा देता है। विपश्यना ध्यान का अभ्यास साधक को स्वयं की मानवीयता को समझने और स्वीकार करने की प्रक्रिया में मदद करता है। यह ध्यान कई लोगों के लिए आत्मा की गहरी अनुभूति और आत्मा के शांति की प्राप्ति में सहायक हो सकता है।

## राजस्थान में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनवाने में निभाई अहम भूमिका : फूलकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बरवाला



पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई समर्थक फूल कुमार शर्मा ने राजस्थान में भजन लाल शर्मा के सिर पर मुख्यमंत्री का ताज सजाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 36 बिरादरी के लोगों के हितों को ध्यान में रखती है। राजस्थान में पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई सहसंयोजक रूप में गए थे और राजस्थान में भाजपा की नीतियों का गुणगान करते हुए प्रचार किया था। पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई की मेहनत रंग लाई और राजस्थान में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनवाने में अहम भूमिका निभाई। फूलकुमार शर्मा ने कहा कि पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई की हरियाणा प्रदेश में भी आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में अहम भूमिका रहेगी। समर्थक फूल कुमार शर्मा ने भाजपा हाईकमान से पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई को आने वाले लोकसभा चुनावों में हिसार संसदीय क्षेत्र से टिकट दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिसार संसदीय क्षेत्र से जनता के सहयोग से पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई की जीत निश्चित है। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश में भी लोकसभा चुनावों में 10 में से 10 सीटों पर पूर्ण बहुमत से जीत हासिल करके एक नया इतिहास रचने का काम करेगी। इस अवसर पर सुनील कुमार, शिवकुमार, पुरुषोत्तम भारद्वाज, कपिल, अंजलि, रामरति व दीपक शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मां चंडके देवी मंदिर के सात एकड़ के परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



हिसार। प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में परिक्रमा मार्ग निर्माण के लिए उपस्थित भक्तगण। फोटो : हरिभूमि

दूर-दूर तक प्रसिद्धि हासिल करने वाले प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में पूजा-पाठ व पूरे विधि विधान के साथ परिक्रमा मार्ग व पार्क का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। महंत आनंद शास्त्री व बजरंग शास्त्री ने देवी-देवताओं की आराधना करते हुए निर्माण कार्य के शुभ शुरूआत का आह्वान किया। इस दौरान प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर के प्रधान जगदीश तायल, सुनील नारंग, बिजेंद्र किनाला, कुलदीप कुंडू, सुनील तायल, टेकचंद कुंडू, कीर्तिरतन शर्मा, कर्मकेश, निरंजन गोयल, गंगाधर बंसल, बलवंत सोनी, भरत सिंह पीटीआई, कुलदीप फरीदपुर, संदीप मलिक, प्रवीन ढिल्लो, राजेंद्र फौजी व गोपीराम सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ पंचग्राम पाबड़ा के ग्रामीण भी काफी संख्या में भी मौजूद रहे। महंत आनंद शास्त्री व जगदीश तायल ने बताया कि मंदिर में काफी समय से पक्के व सुव्यवस्थित परिक्रमा मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। मां की अनुकंपा से इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है और जल्द ही इस कार्य को पूरा करके श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। अब सप्तमी के अवसर पर 19 दिसंबर को प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में लगने वाले मेले में भी काफी संख्या में भक्तगण पहुंचेंगे।

## श्री गुरु तेग बहादर साहिब के शहीदी दिवस पर महान नगर कीर्तन और गुरमत समागम का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



हिसार। नगर कीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु।

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी दिवस पर हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से गुरुद्वारा साहिब गोबिंद नगर डाबड़ा चौक में तीन दिवसीय महान नगर कीर्तन व गुरमत समागम का आयोजन किया गया।

नगर कीर्तन के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्वागत कड़ी में स्थानीय पटेल नगर आठ मरला कालोनी में स्थित गुरुद्वारा में प्रबन्धक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

नगर कीर्तन में श्रद्धालुओं की अच्छी भागीदारी रही, जिसके चलते नगर कीर्तन लगभग एक किलोमीटर लम्बा हो गया। प्रबन्धक कमेटी बाबा जमनी दास पंचायती गुरुद्वारा सेवा समिति द्वारा नगर कीर्तन में चल रहे गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी हरियाणा के मैंबर जत्थेदार स. सुखसागर सिंह व रागियों को गुरुघर का सिरोपा व स्मृति चिंह भेंट किया।

**कार्यक्रम** नाइलेट परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कैबिनेट मंत्री ने किया पुरस्कृत

# मेहनत से देश का भविष्य उज्ज्वल करें विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार



नाइलेट परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

बच्चों को सेवार्थ भाव से शिक्षित करने व स्वावलंबन की राह पर अग्रसर करने में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट ने नवनिर्मित कार्यालय, लैब व शिक्षण कक्ष का उद्घाटन कार्यक्रम एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया।

इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता एवं भाजपा शहरी मंडल उपाध्यक्ष व जिला संयोजक पूर्वांचल केपी गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नाइलेट ओ लेवल की परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। इन विद्यार्थियों को मेडल भी प्रदान किए गए। मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता ने इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निशुल्क चलाए जा रहे रोजगार उन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ली और संस्थान का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को पूरी मेहनत व लगन से पढ़ाई करनी चाहिए क्योंकि यही देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मेहनत की मिसाल कायम करके देश का भविष्य उज्ज्वल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट निशुल्क शिक्षा प्रदान करके सराहनीय कार्य कर रहा है। इस दौरान रजत गुप्ता, केपी गुप्ता व शिल्पा गुप्ता ने मुख्यातिथि को अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति भेंट करके सम्मानित किया।

खबर संक्षेप



## युवाओं की फुटबाल और कबड्डी टीमें बनाई

**हिसार।** यूथ एंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत मगाली चौकी पुलिस ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मंगाली सुरतिया और मंगाली झारा गांवों में युवाओं की फुटबॉल और कबड्डी की टीमें बनाई है। इन टीमों के बीच हर रविवार को पुलिस चौकी की तरफ से मैच और खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी। चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीण युवाओं नशे के खिलाफ और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी।



## अनिल कौशिक बने श्रीरामा सिलाई सेंटर के प्रधान

**हांसी।** मंडी सैनियान स्थित श्री रामा सिलाई सेंटर कार्यकारिणी की एक मीटिंग रविवार को अनिल कौशिक की अध्यक्षता में सिलाई सैन्टर प्रांगण में आयोजित की गई। मीटिंग में पिछली कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया। इसमें सर्वसम्मति ने अनिल कौशिक को प्रधान, पार्षद कृष्ण सैनी, विजय कुमार सैनी मेजर, जसवंत कुमार सैनी, राजेन्द्र कुमार सैनी एडवोकेट को संरक्षक, अजय भारद्वाज को सचिव, एडवोकेट प्रदीप कुमार जांगडा को सह सचिव, प्रद्युमन वर्मा, मुकेश कुमार सैनी, राधेश्याम रानोलिया को उपप्रधान बनाया गया।

## नहीं पहुंचा हेलीकॉप्टर, कार में लानी पड़ी दुल्हन

**हिसार।** अग्रोहा थाना क्षेत्र के गांव नंगथला के विकास की अपनी दुल्हन को हेलीकॉप्टन से लाने की इच्छा धरी की धरी रह गई। एडवांस पेमेंट देने के बावजूद हेलीकॉप्टर नहीं पहुंचा तो दुल्हे को कार में अपनी दुल्हन लानी पड़ी। अब ग्रामीण उसका मजाक उड़ा रहे हैं। नंगथला निवासी सतबीर ने बताया कि उसने बेटे विकास की शादी के लिए गांव के ही एक टेंट हाउस संचालक के माध्यम से हेलिकॉप्टर की बुकिंग कराई थी। उसने टेंट वाले को बुकिंग के लिए कुछ एडवांस पेमेंट भी दी थी लेकिन टेंट वाला हेलिकॉप्टर उपलब्ध नहीं करा सका। नंगथला के सतबीर ने अग्रोहा पुलिस के अधिकारियों से हेलिकॉप्टर लैंड कराने की परमिशन भी मांगी थी। इसके बाद पुलिस टीम गांव पहुंची थी।

सतबीर ने बताया कि शुक्रवार 15 शाम को उसके बेटे की बारात नंगथला से फतेहाबाद के गांव बीघड़ में रवाना हो रही थी। घर पर भात आदि की रस्म भी चल रही थी। तभी टेंट वाले का उसके पास फोन आया कि हेलीकॉप्टर के लिए बाकी पेमेंट दो। व्यस्त होने के कारण उसने कहा कि गांव में हेलीकॉप्टर लैंड होने के बाद वह पूरी पेमेंट कर देगा। टेंट वाला नहीं माना और उसने अपना फोन बंद कर लिया।

## ओएसजीयू के दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन

# 995 विद्यार्थियों को डिग्री डिप्लोमा से नवाजा गया

ओएसजीयू शिक्षा के क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से अपना बेहतरीन योगदान दे रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए काम कर नई ऊंचाईयों को छू रही ओम स्टलिंर्ग ग्लोबल विश्विद्यालय में दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता उपस्थित रहे।

डॉ. पुनीत गोयल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की ओएसजीयू शिक्षा के क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से अपना बेहतरीन योगदान दे रही है। विश्विद्यालय ने इन पिछले चार वर्षों में हजारों युवाओं को शिक्षित कर उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनाकर कर देश को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि विश्विद्यालय आज उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थी जीवन काल में कभी भी विश्विद्यालय आ सकते है, विश्विद्यालय हमेशा ही उनके साथ रहेगा। विश्वविद्यालय ने प्रथम बार संदीप पारिक, पार्टनर ई.वाई को मानद उपाधि दी गई। मुख्य अतिथि डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि ओम स्टलिंर्ग ग्लोबल विश्विद्यालय शिक्षा का हब बन चुका है जो कि युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए काम कर रही है।

उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की और विश्विद्यालय की प्रभावी कार्यशैली की सराहना की। चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो. चांसलर डॉ. पूनम गोयल, विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रबंधन को इस आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के आरंभ में कुलपति डॉ. एनपी कौशिक ने विश्विद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रति कुलपति डॉ. अजय पोदार ने बताया कि ये विद्यार्थियों की वर्षों की मेहनत व लगन का सुखद परिणाम है। विश्विद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि ओम स्टलिंर्ग ग्लोबल विश्विद्यालय भारत के उभरते प्रमुख प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक है। उन्होंने समारोह में आए मुख्य अतिथि अध्यापक एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। दीक्षांत समारोह में प्रथम बार विद्यार्थियों ने पीएचडी उपाधि प्राप्त की और कुल 995 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, जिसमें 9 विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्वर्ण पदक एवं 38 विद्यार्थियों ने श्रेष्ठता प्रमाण पत्र प्राप्त किए।



**हिसार।** डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी डॉ. कमल गुप्ता व संस्थान अधिकारियों के साथ। *फोटो : हरिभूमि*



**नारनौंद।** प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## इंडस स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव आयोजित

**नारनौंद।** इंडस पब्लिक स्कूल मिर्चपुर में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नाड़ा के सरपंच सुधीर, कोथ खुर्द के सरपंच वीरेन्द्र सिंधु व कापड़ो की सरपंच सुशीला देवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में वर्ष भर में आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताओं व अन्य प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। छात्रों ने अपनी रूचि अनुसार खेलों में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के चारों सदनों में से नीलगिरि सदन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अभिभावकों में पुरुषों के लिए सौ मीटर, दो सौ मीटर दौड़ व रस्सा-कस्सी प्रतियोगिताएं व महिलाओं के लिए सौ मीटर दौड़ व मटका दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के मुख्याध्यापक बिजेन्द्र खटकड़ ने अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। इनसे बच्चों का शारीरिक, मानसिक व सर्वांगीण विकास होता है। अतः खेलों के महत्त्व को समझना चाहिए। इनसे सहयोग, भ्रातृत्व, नेतृत्व एवं संघर्ष की भावनाएं जागृत होती हैं।



## एक्वाफिनिक्स तकनीक से अब घर के अंदर ही उगा सकेंगे सब्जियां

**हिसार।** ग्लोटेट्रा वेजीज प्रा.लि. ने एक बड़ा कदम उठाया है। इस फर्म ने इंडोर एक्वाफीनिक्स तकनीक का उपयोग करके सभी आकारों के मछलियों के एक्वेरियम को बनाया है। इनका उद्देश्य इस तकनीक के माध्यम से लोगों को जागरूक करना भी है। इस तकनीक के माध्यम से वे विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियां को अंदर ही उगा सकते हैं, जो केवल बाहर ही उग सकती थीं। इसके अतरिक्त विभिन्न प्रकार के पौधे भी आप अंदर ही उगा सकते है। ग्लोटेट्रा वेजीज प्रा. लि. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एग्री बिजनेस इन्क्यूवेशन सेंटर (एबिक) की मदद से स्टार्ट-अप का रूप दे रहे हैं।

## कोर्ट नोटिस पर मृत व्यक्ति के किए हस्ताक्षर

**हांसी।** तोशाम रोड स्थित 5 कनाल 17 मरले जमीन की फाइनल डिग्री करवाने के लिए कोर्ट नोटिस पर मृत व्यक्ति को जिंदा दिखाकर उसके हस्ताक्षर किए जाने पर पुलिस ने प्रशासनिक अधिकारी गुलशन की शिकायत पर कोर्ट कर्मचारी सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वर्ष 2011 में जमीन मामले को लेकर कोर्ट द्वारा पेशी के लिए जारी किए गए नोटिस पर मृतक व्यक्ति के झूठे हस्ताक्षर कर उसे जिंदा दिखाया गया। कोर्ट से दस्तावेज मिलने के बाद परिजनों को इस जालसाजी के बारे में पता लगा। पुलिस ने मामले की जांच के बाद उत्तम नगर कालोनी निवासी जगदीश, उसके दोनों बेटे साहिल व अशोक तथा कोर्ट कर्मचारी रामफल के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 406 के तहत मामला दर्ज किया है। गुलशन ने बताया कि उसके पिता अशोक कुमार के अन्य वारिस तोशाम रोड पर स्थित 5 कनाल 17 मरले जमीन में हिस्सेदार हैं।



## 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स सम्मानित

**हिसार।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्ज समाज की जिला इकाई की बैठक क्रांतिमान पार्क में जिला प्रधान राजेन्द्र सिंह नैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर्ज समाज हरियाणा के सचिव भरत सिंह पूनिया व राज्य सलाहकार एमएल सहगल विशेष रुप से उपस्थित हुए। बैठक में आज पेंशनर्ज दिवस के उपलक्ष्य में 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्ज को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में शिक्षा विभाग से उजागर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, करताराम, मेवा सिंह, हरिराम, मदन गोपाल, सेवासिंह, रामकुमार, बिजली विभाग से धनपत सिंह, एक्साइज से भगवान सिंह, स्वास्थ्य विभाग से मांगेराम के अलावा एमएल सहगल, दर्शना देवी, कैलाश रानी आदि शामिल रहे। सभी सदस्यों ने पेंशनर्ज की मांगों का पूर्ण समर्थन किया और सरकार से पेंशनर्ज की मांगों को गंभीरता से विचार करके लागू करने की मांग की। बैठक में रणसिंह, पूर्णमल, सुरेश गिरधर, बलवान सिंह, महेन्द्र सिंह स्याहड़वा, किरण दत्त, नरेश गोयल, रामकुमार सिहाग, मेवासिंह, महेन्द्र चोपड़ा, रामकुमार दुहन, बनवारी लाल, सुधीर दहिया, तेलूराम, राजबीर सिंधु आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## ऑवर्स टेलेंट सर्च एग्जाम द्वितीय चरण आयोजित

- 10वीं व 12वीं कक्षा के 400 के करीब बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऋषि नगर स्थित हरियाणा के प्रसिद्ध ऑवर्स अकेडमी में रविवार को ऑवर्स टैलेंट सर्च एग्जाम के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। इसमें भी पहले चरण की तरह प्रथम विद्यार्थियों को 11000 रूपए प्रथम पुरस्कार, 3100 द्वितीय पुरस्कार और 3100 तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा 20 मोटिवेशनल्स इनाम भी रखे गए थे। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इस एग्जाम में भाग लिया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थी काफी उत्साहित थे। सभी बच्चों में जीतने का जोश था। ऑवर्स के डायरेक्टर इंजि. सुरेंद्र पूनिया ने बताया कि आज यह दूसरा चरण बहुत ही सफलतापूर्ण रहा। प्रथम चरण के इनाम संस्थान ने कथनानुसार बच्चों को वितरित किए। इसमें अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थियों ने नकद इनाम जीते। इसी प्रकार द्वितीय चरण के भी परीक्षा परिणाम घोषित करने के बाद बच्चों को इनाम वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को इस प्रकार की परीक्षाओं के भाग अवश्य लेना चाहिए ताकि विद्यार्थियों को अपनी योग्यता का पता चल सके। उन्होंने कहा कि अब विद्यार्थी अपनी बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी करें व पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर ऑवर्स की सहायता ले सकते हैं। जो भी विद्यार्थी किसी कारणवाश अब एग्जाम नहीं दे पाया है।



**हिसार।** ऑवर्स अकेडमी में आयोजित ओटीएससी के द्वितीय चरण में भाग लेते विद्यार्थी।



## गीता भवन में भंडारे के साथ गीता जयंती महोत्सव शुरू

**हिसार।** आध्यात्मिक गीता-ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मोहल्ला स्थित गीता भवन में विशाल भंडारे के साथ 74वां गीता जयंती महोत्सव शुरू हो गया। सभा की प्रधान ऊषा बक्शी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महोत्सव के पहले दिन भंडारा चलाया गया। असंख्य लोगों ने महोत्सव में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हजारों लोगों ने प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सभा के महामंत्री दयानंद बंसल, कोषाध्यक्ष गगन ओबरॉय, संरक्षक प्रेरम लता बक्शी, अशोक जिंदल, धर्मबीर ग्रावर, कुलदीप चोपड़ा, सुरेश जिंदल, सत्यवान शर्मा, कृष्ण मेहता, अत्तरचंद भुटानी, देशबंधु, आदेश भुटानी, सुरेश नागपाल, रेणू शर्मा के अलावा निरंकारी भवन के सेवादारों ने भंडारा वितरण में सेवा की। 24 दिसम्बर तक चलने वाले महोत्सव की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 18 व 19 दिसम्बर को सायं 4 से 6:30 बजे तक प्रवचन व भजन संध्या की जाएगी।

## दो दिवसीय कन्वेंशन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शिक्षा और रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों को लेकर भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई) की दो दिवसीय राज्य कन्वेंशन सूबेसिंह स्मारक में सम्पन्न हुई। कन्वेंशन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से राज्य अध्यक्ष शाहनवाज व राज्य कमेटी सदस्य रीतू हमीरगढ ने की व संचालन राज्य कोषाध्यक्ष जितेंद्र बधावड़ ने किया।

पहले दिन वर्तमान हालात और युवाओं के सामने चुनौती विषय पर एसएफआई के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर विक्रम ने कन्वेंशन में उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया और उनके बाद संगठन के कार्यक्रम एवं संविधान विषय पर राज्य उप प्रधान मुकेश दुर्जनपुर ने अपने विचार रखे।

भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य सचिव नरेश दनौदा ने युवाओं की दशा और दिशा एवं राज्य की सांगठनिक स्थिति पर लिखित रिपोर्ट पेश की जिसको सभी प्रतिनिधियों ने गहनता से विचार विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से पास किया। संगठन का विस्तार करते हुए शिक्षा-रोजगार के सवाल पर युवाओं को लामबंद करने की ठोस योजना बनाई गई।



**हिसार।** जनवादी नौजवान सभा की दो दिवसीय राज्य कन्वेंशन के दौरान उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## सब्जी मंडी बंद रखकर 20 को होगी हड़ताल

- सरकार नहीं मानी तो फिर होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

सब्जी मंडी एसोसिएशन बरवाला ने सरकार द्वारा आढतियों पर थोपे गए एक मुश्त टैक्स एडवांस में लिए जाने का विरोध जताया है। इसी रोषस्वरूप एसोसिएशन ने 20 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल करके सब्जी मंडी पूर्ण रूप से बंद करने का ऐलान कर दिया है। सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान ओमप्रकाश रहेजा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कोरोना काल में सब्जी मंडी आढतियों ने अपनी-अपनी सब्जी व फ्रूट की दुकान खोलकर अपनी जिंदगी को दाव पर लगाकर जनता को फल व सब्जी उपलब्ध करवाई थी और सरकार का साथ दिया था।

पहले जीरो प्रतिशत टैक्स था, फिर सरकार ने दो प्रतिशत टैक्स लगा दिया और अब सरकार ने टैक्स का ऐसा स्लैब बना दिया है कि सब्जी मंडी के आढती जिंदगी भर नहीं उबर सकते हैं।

इस बारे में सीए और सीएम से मिल चुके हैं परंतु अभी तक कोई बात नहीं बनी है। इसी के चलते सब्जी मंडी 20 दिसंबर को सांकेतिक हड़ताल के दौरान पूर्ण रूप से बंद की जाएगी। अगर सरकार फिर भी नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दी जाएगी। आढती सुरेश ढींगड़ा ने कहा कि आढती के पास ना तो सौदा आया और ना ही बेचा परंतु सरकार एडवांस में उनसे टैक्स लगा रही है। आढती वर्ग सरकार की तानाशाही नीतियों से बहुत परेशान है और आढती वर्ग टैक्स रूपी इन नीतियों को सहन नहीं कर पा रहा है।

इस सरकार ने आढती पर टैक्स रूपी बोझ लाद दिया है। इस सरकार ने किसी भी छोटे व बड़े आढती को नहीं बक्शा है। इस टैक्स को भरने में आढती असमर्थ है। इस अवसर पर अनेक आढती दर्शन लाल, तिलकराज, सतबीर सैनी, प्रेम वर्मा, सुनील आनंद, बाला तनेजा, नरेश गैबीपुर, धीरज सरदाना व वेद आनंद आदि मौजूद रहे।



**बरवाला।** सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान ओम प्रकाश रहेजा और आढती सुरेश ढींगडा पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## 80 लीटर लाहन व 8 बोतल अवैध शराब सहित दो काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालो पर कार्रवाई करते हुए उकलाना पुलिस ने अलग अलग जगह से दो व्यक्तियों को काबू कर 80 लीटर लाहन और 8 बोतल अवैध शराब बरामद की है। साथ ही कच्ची शराब बनाने की चलती भट्ठी को नष्ट किया है। मुख्य सिपाही नरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव साहू के खेतों में एक व्यक्ति ने कच्ची शराब निकालने के लिए ड्रम तैयार किए हुए है। सूचना के बाद पुलिस टीम गांव साहू के खेतों में पहुंची तो वहा गांव साहू निवासी बलवान सिंह के खेत में बने एक कमरे से एक लोहे ड्रम में 80 लीटर लाहन, दो गैस सिलेंडर और कुछ सामान बरामद हुआ। पुलिस मौके से 80 लीटर लाहन, 2 गैस सिलेंडर और व सामान कब्जा पुलिस लेकर कच्ची भट्ठी को नष्ट कर बलवान सिंह के खिलाफ थाना उकलाना में आबकारी अधिनियम संशोधन के तहत अभियोग अंकित किया गया। इसके साथ ही थाना उकलाना पुलिस ने गांव बिठमडा धर्मशाला के पास से एक युवक को प्लास्टिक एक कट्टे सहित काबू किया। पूछताछ में उसने अपना नाम गांव बिठमडा निवासी सुरेंद्र सिंह बताया। तलाशी लेने पर सुरेंद्र के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में 8 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

### प्रदर्शन करते हुए खाली ग्राउंड पर एकत्रित होकर डालेंगे पड़ाव

# उपायुक्त कार्यालय के घेराव को तैयार मिस्त्री मजदूर

- जिलेभर के मिस्त्री मजदूरों का उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

निर्माण कार्य से जुड़े तमाम मिस्त्री मजदूरों ने उपायुक्त कार्यालय के घेराव की पूरी तैयारी कर ली है। उकलाना, आदमपुर, हांसी, हिसार बरवाला सहित जिलेभर से मिस्त्री मजदूर 18 दिसम्बर सोमवार को राजगढ़ रोड स्थित कबीर छात्रावास के साथ लगते खाली मैदान में एकत्रित होंगे और यहां से प्रदर्शन करते उपायुक्त कार्यालय पर पड़ाव डालेंगे। यूनियन के जिला सचिव मनोज सोनी ने बताया कि इस प्रदर्शन के बाद भी अगर मजदूरों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो जिला कमेटी इस पड़ाव को आगामी दिनों के लिए बढ़ा सकती है। प्रशासन से कई बार बातचीत हो चुकी है। उपायुक्त और एसडीएम को ज्ञापन भी दिए गए लेकिन मजदूरों की समस्याओं को लेकर आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। लगातार अनदेखी करने और कोई समाधान नहीं करने के कारण मजदूरों को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ा और इसी वजह से जिले भर का मजदूर हिसार की सडकों पर उतर कर उपायुक्त कार्यालय का घेराव करने पहुंचेगा।



**हिसार।** घेराव की तैयारी के लिए एकत्रित हुए निर्माण मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

**मुख्य मांगें**

*भवन निर्माण कामगार यूनियन के तहसील प्रधान राकेश गंगवा ने बताया कि मिस्त्री मजदूरों की मुख्य मांगों में 90 दिनों के काम की वर्क स्लीप श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा वैरिफाई करना, पंचायत अधिकारियों को भी वर्क स्लीप वैरिफाई करने के आदेश जारी करना, वर्क स्लिप के लिए रिजेक्ट किए गए फार्म ओपन करना, जिला में सभी लेबर चौक पर शौचालय का प्रबंध करना और लेबर शैड बनाना, लेबर चौक पर खड़े होने वाले सभी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करना, मजदूरों की दिहाड़ी मारने वाले मालिकों पर सख्त कार्रवाई करना और मारी गई दिहाड़ी के मामलों को तुरंत निपटाया जाना, कन्यादान सुविधा देते समय वर्कर की वेरिफिकेशन करना, फर्जी वर्कर को बोर्ड से बाहर करना, फैमिली आईडी में निर्माण मजदूर न होने के कारण भी ऑरिजनल मजदूरों के छात्रवृति व अन्य प्रकार के फार्म भरने से वंचित है, इसका समाधान करना, मजदूरों के सभी प्रकार के फार्मो को बिना किसी ठोस कारण रिजेक्ट करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही करना, शहर में प्रवासी मजदूरों पर हो रहे जानलेवा हमले पर रोक तथा गुंडागर्दी करने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही करना, खानक पहाड़ को जल्द खोलना ताकि निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को काम मिल सके।*

## महेश इन्द्र सिंह की रफी नाइट 25 को हांसी में

**हांसी।** महेश इन्द्र सिंह इन्टरटेनमेंट द्वारा 25 दिसम्बर को क्रिसमस दिवस की शाम 7 बजे महान गायक स्व. मोहम्मद रफी की याद में होटल केओसी फैमिली इन में 82वीं रफी नाईट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गायक महेश इन्द्र सिंह अपने ग्रुप के साथ मोहम्मद रफी के गीतों को प्रस्तुत करेंगे। एक जानकारी में रमेश सीकरीवाल ने बताया कि रफी नाईट हिसार से डॉ. तरूण छाबड़ा मुख्यातिथि तथा हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव किरण मलिक, हल्का बवानीखेड़ा की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री निर्मला सीकरीवाल, रिटायर्ड एसडीओ व समाजसेवी केएल ग्रोवर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शहर थाना प्रभारी उदयभान गोदारा विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शिरकत करेंगे और अपनी स्वयं रचित मनोरंजक कविताएं प्रस्तुत करेंगे।